केंद्रीय विद्यालय संगठन आगरा संभाग

आदर्श प्रश्न पत्र - द्वितीय सत्र सत्रांत परीक्षा 2021-22

विषय- हिंदी 'अ'

कक्षा- नौवीं

निर्धारित समय- 2 घंटे **पूर्णांक-40**

सामान्य निर्देश:

(1).इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'क' और खंड 'ख'।

(2).सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही दीजिए।

(3).लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।

(4).खंड 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(5).खंड 'ख' में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खंड 'क' (पाठ्य पुस्तक व पूरक पाठ्य पुस्तक) **20 अंक**

प्रश्न 1.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए- **2×4=8**

(क) 'सांवले सपनों की याद' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

(ख) 'मनुष्य को प्रकृति को प्रकृति की नजर से देखना चाहिए।' यहां प्रकृति की नजर से देखने का क्या तात्पर्य है?

(ग) 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है?

(घ) रास्ते में पड़ने वाले टीले के विषय में प्रेमचंद और लेखक के दृष्टिकोण किस प्रकार भिन्न हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए-2×3=6

(क) कोयल के द्वारा मधुर विद्रोह-बीज बोने का क्या उद्देश्य था?

(ख) एक ओर कवि और कोयल में विषमता थी तो दूसरी ओर कुछ समानता भी थीं। उन समानताओं का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए।

(ग) कवि बच्चों का बचपन कैसा चाहता है? "बच्चे काम पर जा रहे हैं" कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ) कवि किस समस्या की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करना चाहता है? "बच्चे काम पर जा रहे हैं" कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-3×2=6

(क) लेखिका की बहनें हीन भावना का शिकार नहीं हो पायीं। इसका क्या कारण था? 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर बताइए।

(ख) उमा ने समाज की अन्य लड़कियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने उसके किन गुणों का आकलन किया है?

(ग) माटी वाली बुढ़िया के सामने पुनर्वास को लेकर क्या समस्या आ रही थी?

खंड 'ख' (रचनात्मक लेखन खंड) 20 अंक

प्रश्न 4. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- 5 अंक

(क)बढ़ती आबादी और घटते वन

संकेत बिंदु- भूमिका, आबादी की दृष्टि से भारत का विश्व में स्थान, प्रकृति पर प्रभाव, बढ़ती आबादी के दुष्परिणाम, समस्या के समाधान हेतु सुझाव, निष्कर्ष

(ख)बेरोजगारी: समस्या और समाधान

संकेत-बिंदु- भूमिका, बेरोजगारी का अर्थ, बेरोजगारी का कारण, बेरोजगारी के दुष्परिणाम, समस्या का समाधान, निष्कर्ष

(ग)जल संरक्षण- आज की आवश्यकता

संकेत-बिंदु- भूमिका, जीवनदायी जल, जल प्रदूषण के कारण, जल संरक्षण कितना जरूरी, जल संरक्षण के उपाय, निष्कर्ष

प्रश्न 5. आपके विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की पुस्तकें, समाचार पत्र और पत्रिकाएं कम आती हैं। इस कमी की ओर ध्यानाकर्षित करते हुए हिंदी की पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं मंगवाने के लिए लगभग 120 शब्दों में अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय को प्रार्थना पत्र लिखिए। **5 अंक**

अथवा

इंटरनेट खूबियों का भंडार है, किंतु असावधानी से प्रयोग करने पर इसके दुष्परिणाम सामने आने लगते हैं। अतः इंटरनेट का प्रयोग सोच समझकर करने की सलाह देते हुए अपने छोटे भाई को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्रश्न 6. निम्नलिखित विषयों पर लगभग 40 शब्दों में संवाद लिखो | 2.5 x2 =5 अंक

(क) गर्मी की ऋतु में पानी की कमी से उत्पन्न समस्या से परेशान दो महिलाओं की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए। **2.5 अंक**

अथवा

अध्यापिका और गृहकार्य ना करके आने वाले छात्र के मध्य हुई बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।

(ख) बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे युवक और ट्रैफिक इंस्पेक्टर के मध्य हुई बातचीत का संवाद लेखन कीजिए। **2.5 अंक**

अथवा

नदियों में बढ़ते प्रदूषण के संबंध में दो मित्रों के मध्य हुई बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।

प्रश्न 7.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में लघु कथा लिखिए-5अंक

(क) एकता में बल होता है।-विषय को आधार मानकर 120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए |

अथवा

(ख) साहस की जीत।-विषय को आधार मानकर 120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए |

..................“समाप्त”.............